हे दुख भंजन असुर निकंदन | By Anil Sharma |

हे दुख भंजन असुर निकंदन
तेरा रूप निराला
एक ज़रा सी झलक दिखा दो
हो जीवन उजियाला
हे दुख भंजन असुर निकंदन
तेरा रूप निराला

तेरी शक्ति है निराली
तू सबसे अधिक बलशाली
अपने प्यारे भक्तों की तुम
हरदम करते रखवाली
जो भी तेरी शरण में आता
भय से मुक्ति पाता
हे दुख भंजन असुर निकंदन
तेरा रूप निराला

है तेरी अद्भुत माया
जिसने संसार रचाया
जब-जब धरती पर धर्म घटा
तब तुमने रूप बनाया
तेरी कृपा का तेरी दया का
वेदों ने गुण गाया
हे दुख भंजन असुर निकंदन
तेरा रूप निराला

जो आपकी महिमा गाता
सुख-संपत्ति से भर जाता
जीवन से मुक्ति पाकर वो
भवसागर से तर जाता
हम भी तो हैं दास तुम्हारे
दे दो नाथ सहारा
हे दुख भंजन असुर निकंदन
तेरा रूप निराला
एक ज़रा सी झलक दिखा दो
हो जीवन उजियाला
हे दुख भंजन असुर निकंदन
तेरा रूप निराला

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%96-%e0%a4%ad%e0%a4%82%e0%a4%9c%e0%a4%a8-%e0%a4%85%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%b0-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%95%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a4%a8-by-anil-sharma/